STATE BAR COUNCIL OF MADHYA PRADESH

(Statutory Body Constituted under the Advocates Act, 1961)
High Court Premises, Jabalpur – 482007 (M.P.)

HIGH POWERED ELECTION COMMITTEE

Justice Sushil Kumar Palo (Former Judge)
Returning Officer
Mob.: 9425006060, 6261311871

Email: sec.hpec@gmail.com
Website: www.sbcofmp.org
Tele.: 0761-4700083

SBCOFMP/ELEC./Notification/ 46 /2026

Date: 23/04/2026

अधिसूचना

दिनांक 17.04.2026 को कुल 138 नामांकन फार्मो का परीक्षण किया गया। इनमें से 19 नामांकन फार्म स्वीकार योग्य नहीं पाए गए, जबकि 119 फार्म स्वीकार किए गए। अस्वीकृत 19 फार्मो में से 11 फार्म अधिवक्ता संघों के पदाधिकारियों के पद पर आसीन होने के कारण निरस्त किए गए। इनमें से एक नामांकन फार्म ऐसा भी था, जिसमें संघ के पदाधिकारी होने के साथ-साथ आपराधिक प्रकरण भी लंबित था। शेष में से 5 नामांकन फार्म आपराधिक प्रकरण लंबित होने के कारण तथा 3 नामांकन फार्म अनुशासनात्मक प्रकरण लंबित होने के कारण अस्वीकृत किए गए। इस प्रकार कुल निरस्त प्रकरणों में से 6 आपराधिक प्रकरणों, 3 अनुशासनात्मक प्रकरणों से संबंधित तथा 1 ऐसे प्रकरण, जिसका नामांकन फार्म स्वीकार किया गया था, के विरुद्ध अपील प्रस्तुत की गई। माननीय हाई पावर्ड इलेक्शन कमेटी द्वारा विस्तृत आदेश पारित करते हुए दो आपराधिक मामलों में अपील स्वीकार की गई। इसके फलस्वरूप नामांकन फार्म क्रमांक 138 (श्री आनंद मोहन चौधरी) एवं नामांकन फार्म क्रमांक 131 (श्री रघुनाथ प्रताप नारायण मिश्रा), [जो पूर्व में अस्वीकृत सूची में थे,] अब स्वीकार कर लिए गए हैं।

अतः दो प्रकरणों में अपील स्वीकार होने के परिणामस्वरूप कुल स्वीकार नामांकन फार्मो की संख्या (119 + 2) = 121 हो गई है। उक्त अभ्यर्थियों के नामों की सूची अनुक्रमांक सहित वर्णानुक्रम (Alphabetical Order) में वेबसाइट पर प्रकाशित की जा चुकी है।

23.04.2026

न्यायमूर्ति एस के पॉलो (न्यायाधीश)
निर्वाचन अधिकारी
मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद

न्यायमूर्ति एस. के. पालो (पूर्व न्यायाधीश)
निर्वाचन अधिकारी
मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद